दिन–शनिवार दिनांक– 12 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराहन 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

अठारहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अब से थोड़ी देर बाद नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले ग्यारह देश भाग ले रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में हो रहे ब्रिक्स बैठक की थीम है – **लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।** सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के नेता कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन की शुरुआत ब्रिक्स सदस्य देश के लिए एक वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षवाद को मजबूत करना विषय पर सत्र से होगी। सम्मेलन के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता वैश्विक शासन व्यवस्था, बहुपक्षवाद, व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आपदा से निपटने की क्षमता और ज़रूरी आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों और इसके तहत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागवार तैयारियों, कार्यक्रमों की रूपरेखा और सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहें।

———————————————————————————————

राज्य सरकार असंगठित क्षेत्र के तीन करोड़ से अधिक कामगारों को वित्तीय सहायता देगी। साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई–लिखाई में भी मदद दी जाएगी। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने इसके लिए सामाजिक सुरक्षा निधि बनाने का निर्णय लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि निधि बनाने को लेकर विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। कामगारों को दी जाने वाली सहायता की रूपरेखा तय की जा रही है।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के लिए सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में विशेष पीठों का गठन किया गया है। लोक अदालतों में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जा रहा है। ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों का भी निष्पादन लोक अदालतों के माध्यम से हो रहा है।

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है। हालांकि अभी भी पन्द्रह जिलों के सत्तासी प्रखंडों की पांच सौ पचहत्तर ग्राम पंचायतों में लगभग अड़तालीस लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एक हजार दो सौ पैंतालीस सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। तेरह राहत शिविरों में भी प्रभावित लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। राहत और बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ की सत्ताईस और एनडीआरएफ की दस टीमें विभिन्न जिलों में तैनात हैं।

---

प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक चौवालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश मुजफ्फरपुर के बोचहां में रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

---

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय के डैनी चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार एक छात्रा की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के भेभड़ा चौक के पास पुलिस ने एक ट्रक से एक हजार दो सौ छियालीस लीटर शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है।

---

समाप्त